दूरभाष – 05278-245957
फैक्स – 05278-248123

डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ०प्र०)

पत्रांक : लो०अ०वि०/सा०प्र०/ 3100 /2017 दिनांक : 03, फरवरी, 2017

अधिसूचना

21वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 07 फरवरी, 2017

एतदद्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 07 फरवरी, 2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सम्पन्न होना सुनिश्चित है। एतदक्रम में ध्यातव्य है कि–

1. समारोह की अध्यक्षता माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय द्वारा की जायेगी। विश्वविद्यालय के कार्य परिषद, विद्यापरिषद एवं सभा के समस्त सम्मानित सदस्यों एवं समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य एवं प्रवक्ता दिनांक 07 फरवरी, 2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित हैं।
2. वर्ष 2016 के पी–एच०डी०/डीलिट० उपाधि धारक तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातकोत्तर तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों एवं छात्राओं को उपाधि पत्र एवं विभिन्न संकायों तथा विषयों में प्रथम प्रयास में प्रथम श्रेणी के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार उपाधि एवं शैक्षिक परिधान (उत्तरीय) आदि प्रदान किये जायेगें।

उपाधि/शैक्षिक परिधान वितरण कार्यक्रम

दिनांक 05 एवं 06 फरवरी, 2017 को प्रातः 10:00 बजे से	स्नातकोत्तर तथा स्नातक छात्रों एवं छात्राओं को उपाधि पत्र वितरण विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के भूतल पर स्थित परीक्षा विभाग से
दिनांक 05 एवं 06 फरवरी, 2017 को प्रातः 10:00 बजे से	वर्ष 2016 के शोध–उपाधि का वितरण विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर स्थित शैक्षणिक अनुभाग से
दिनांक 05 एवं 06 फरवरी, 2017 को प्रातः 10:00 बजे से	शैक्षिक परिधान (उत्तरीय) का वितरण परिसर स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय भवन से

3. विभिन्न संकायों/विषयों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों एवं छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.rmlau.ac.in** पर अपलोड है।
4. सभी उपाधि धारकों एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे समारोह में प्रतिभाग करने हेतु अपनी उपाधि एवं परिधान प्राप्त करने का कष्ट करें।
5. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 6 फरवरी 2017 को दोपहर 12:00 बजे दीक्षान्त समारोह के रिहर्सल में प्रतिभाग करे तथा 7 फरवरी 2017 को दीक्षान्त समारोह स्थल पर 9:00 बजे तक अवश्य उपस्थित हो जाएं।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सम्पादक ....समाचार पत्र को इस आशए से प्रेषित की उपर्युक्त सूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. कुलानुशासक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/मीडिया प्रभारी।
4. विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी/अधीक्षक।
5. प्रोग्रामर ई०डी०पी०।
6. प्रधान सहायक उपाधि विभाग को तदनुसार कार्यवाही हेतु।
7. आशुलिपिक कुलपति को, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
8. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
9. आशुलिपिक, कुलसचिव।
10. पत्रावली।

कुलसचिव